आयुष मार्केट में भूखंड खरीदने के लिए लोगों में भारी उत्साह

नीलामी में भाग लेने के लिए पहले दिन ही 200 लोगों ने जमा कराई ईएमडी

जयपुर, मुम्बई, कोलकाता, बैंगलूरू सहित सिक्किम के खरीदार भी ई-ऑक्शन में

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश के 45 शहरों में 50 प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में आवास योजना के बाद अब राजस्थान आवासन मंडल ने वाणिज्यक संपत्तियों के लिए ई-ऑक्शन योजना शुरू कर दी है। इसमें जयपुर के प्रताप नगर आवासीय योजना में विकसित किए जा रहे आयुष मार्केट (दवा बाजार) में 11 दुकानों को ई-ऑक्शन से बेचा जाएगा। योजना में व्यावसयिक भूखंड खरीदने के लिए लोगों में खासा उत्साह है और पहले ही दिन जयपुर सहित मुम्बई, कोलकाता, बैंगलूरू और सिक्किम के 200 लोगों ने ईएमडी जमा करवा दी है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि जयपुर की प्रतिष्ठित प्रताप नगर योजना में विकसित किए जा रहे आयुष मार्केट (दवा बाजार) में दुकानों के भूखंड खरीदने के लिए खरीदारों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंडल द्वारा 11 दुकानों के भूखंडों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जा रहा है। ई-ऑक्शन योजना 15 जुलाई को शाम 6 बजे तक चलेगी। पहले दिन दो सौ से अधिक खरीदारों ने ईएमडी (अमानत राशि) जमा करवा दी है। उन्होंने बताया कि प्रताप नगर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के आस-पास कोई दवा बाजार नहीं है, इसलिए यहां आयुष मार्केट विकसित किया जा रहा है।

अनुपयोगी पड़ी भूमि अब बिक रही है प्रीमियम दरों पर

आवासन आयुक्त ने प्रताप नगर योजना की विजिट के दौरान इस भूमि पर आयुष मार्केट विकसित करने का अनूठा आईडिया दिया था। मंडल की बोर्ड बैठक में इसको अमलीजामा पहनाने के लिए यहां आयुष मार्केट विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यह आईडिया हिट रहा और अनुपयोगी पड़ी भूमि अब प्रीमियम दरों पर बिक रही है। नीलामी में भाग लेने, विस्तृत शर्तों एवं अन्य जानकारी के लिए राजस्थान आवासन मण्डल की वेबसाईट पर विजिट की जा सकती है।